# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर०      /2022

**सत्र 2022–2024 के लिये राज्य के इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं उस संस्थान में इण्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु अंतिम रूप से अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

1. एतद् द्वारा राज्य के इण्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं उस संस्थान में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2022–2024 में इण्टरमीडिएट कक्षा में Online Facilitation System For Students (OFSS) प्रणाली से स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के लिए समिति की विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 177/2022 के माध्यम से दिनांक 27.09.2022 से 02.10.2022 तथा पी0आर0 187/2022 के माध्यम से दिनांक 10.10.2022 से 15.10.2022 तक संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय में नामांकन लेने हेतु तिथि निर्धारित किया गया था।

2. **विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुये इण्टरमीडिएट कक्षा में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की तिथि दिनांक 03.11.2022 से 06.11.2022 तक अंतिम रूप से अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाता है।**

3. विभिन्न +2/इण्टर महाविद्यालय के प्राचार्य स्पॉट नामांकन के लिए उपलब्ध रिक्त सीटों संबंधी सूचना अपने कॉलेज के न्यूनतम तीन स्थलों पर प्रदर्शित करेंगे।

4. स्पॉट नामांकन हेतु इच्छुक विद्यार्थी जिस संकाय एवं विषय में सीट रिक्त है, वहॉ नामांकन के लिए प्राचार्य से मिलकर अनुरोध करेंगे एवं संबंधित प्राचार्य रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों का नामांकन ले सेंकेगे। C.B.SE, C.I.S.C.E एवं अन्य बोर्ड से उतीर्ण विद्यार्थी भी स्पॉट नामांकन करा सकते हैं।

5. OFSS नामांकन प्रक्रिया के तहत प्रथम/द्वितीय सूची में चयनित तथा नामांकित विद्यार्थी जिन्होनें नामांकन के पश्चात् स्लाईड–अप का विकल्प दिया था, लेकिन स्लाईड–अप वाले संस्थान में अंतिम रूप से नामांकन नही ले सके, ऐसे विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका पूर्व में लिया गया नामांकन स्वतः रदद हो गया है तथा उन्हें स्पॉट नामांकन के तहत नामांकन लेने के लिए फिर से ऑनलाईन आवेदन करना होगा, अन्यथा वे इण्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल होने के योग्य नही होंगे।

6. यह भी सुचित किया जाता है कि स्पॉट नामांकन के तहत जिन विद्यार्थियों का नामांकन विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा ससमय अपडेट नही किया जा सका था, उन्हें पुनः OFSS के तहत ऑनलाईन आवेदन (शुल्क सहित) देना होगा।

7. प्रत्येक दिन नामांकन के पश्चात् संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय OFSS Portal पर प्रत्येक नामांकित विद्यार्थियों का नामांकन Update करेंगे तथा सभी नामांकित विद्यार्थियों का अंतिम रूप से ऑनलाईन अपडेशन दिनांक **07 नवम्बर**, 2022 तक करना सुनिश्चित करेंगे।

01/11/22    01/11/22

**8. स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के संबंध में शेष सभी शर्तें समिति द्वारा पूर्व संसूचित विज्ञप्ति सं०–पी०आर० 177/2022 के अनुसार यथावत रहेंगी।**

ह0
1.11.22

**संयुक्त सचिव OFSS)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक–BSEB/OFSS/108/22/पटना, दिनांक–01/11/2022

प्रतिलिपिः– 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी को समाचारपत्रों में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. उप निदेशक, आई0टी0 (OFSS)/सिस्टम एनालिस्ट (OFSS) को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं अन्य को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाए।

3. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/S CSM Technologies Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. निदेशक आई0टी0/वित्त पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

6. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0
1.11.22

**संयुक्त सचिव (OFSS)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

01.11.2022
01/11/22